कार्यालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक/राजस्व/2018/ 6273 दिनांक 16.08.2018 21-8-18

तहसीलदार

श्रीमाधोपुर।

online 2018/00262

47/2018

आदेश

माननीया मुख्यमंत्री महोदया द्वारा बजट घोषणा 2015-16 के परिप्रेक्ष्य राजस्व (ग्रुप-6) विभाग राज0 जयपुर के परिपत्र प.3 (2) राज-6/पार्ट/जयपुर दिनांक 10.8.2016 एंव श्रीमान जिला कलक्टर सीकर के पत्रांक राजस्व/16/2619-44 दिनांक 16.8.2016 एंव पत्रांक 4328-53/ राजस्व/2016 दिनांक 02.11.2016 की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा जरिये पत्रांक 1492 दिनांक 13.08.2018 के द्वारा भिजवाई गई रिपोर्ट के अनुसार रास्तों का राजस्व अभिलेख में अंकन करने हेतु प्रस्ताव मय नक्शा ट्रेस भिजवाया गया है। प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। मुताबिक रिपोर्ट प्रस्तावित रास्ता प्रचलित है तथा मौके पर चालू है। प्रस्तावित रास्ता सार्वजनिक उपयोग में आता है जिसके लिए खातेदारान् में से खातेदार मुक्तिलाल, सुरजमल यादव, श्यामलाल, राज, सरदार मल, ग्यारसी देवी ने रास्ता कटाने हेतु बतौर सहमति हस्ताक्षर अंकित किये है। रास्ते मे किसी प्रकार का अवरोध नही है। आवागमन हेतु सार्वजनिक उपयोग में आने से तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा प्रस्तावित रकबा रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने बाबत अभिशंषा की है।

अतः राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 एंव 132 तथा भू राजस्व अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60 एवं 86 के प्रावधानों के अनुसार उप तहसीलदार अजीतगढ से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार संलग्न सूचि व नक्शा ट्रेस में अंकित/दर्ज खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को गैर मुमकीन रास्ता के रूप में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार श्रीमाधोपुर को संलग्न प्रस्ताव एंव नक्शा ट्रेस की प्रति भेजकर आदेश दिये जाते है कि निम्न खसरा नम्बरान् की कृषि भूमियों बाबत राजस्व अभिलेख में जरिये नामान्तरण रास्ते के पृथक खसरा नम्बर अंकित करते हुए रास्ते के रकबे की किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किया जावें। गै0मु0 रास्ते में आने वाली भूमि का लगान कम किया जावें एंव नक्शें में उक्तानुसार तरमीम की जावें। गै.मु. रास्ते की भूमि सम्बन्धित खातेदार के खाते में ही रहेगी। तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा भेजा गया प्रस्ताव एंव नक्शा ट्रेस आदेश का भाग रहेगें। यदि किसी न्यायालय का स्थगन आदेश आदि हो तो स्थगन आदेश समाप्ति उपरान्त अमल दरामद किया जावे।

क.स.	नाम पटवार मण्डल	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	रकबा	रकबा जो रास्ते में काम आ रहा है।
1.	मूण्डरू	मूण्डरू	2476	6.47 हैक्टर बारानी 3	0.1200 हैक्टर

संलग्नः- प्रस्ताव मय नक्शा ट्रेस

(बृजमलाल ...)

उपखण्ड अधिकारी

श्रीमाधोपुर (सीकर)

उपखण्ड अधिकारी

श्रीमाधोपुर (सीकर)

Scanned by CamScanner